प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 30.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के शहद उत्पादन का किया उल्लेख, कहा – हनी मिशन ने लाखों लोगों को दिया रोजगार।
- संसद के शीतकालीन सत्र से पहले नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई आयोजित, विभिन्न दलों के नेताओं ने लिया हिस्सा, सरकार ने सभी दलों से सदन के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की।
- नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां तेज, खूंटी में केएलकेएम ने चलाया सदस्यता अभियान, चाईबासा में एनसीपी ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने की घोषणा की।
- धनबाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, 22 लोग गिरफ्तार, एडमिट कार्ड, मोबाइल फोन सहित कई दस्तावेज बरामद।
- रांची में खेले जा रहे पहले वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 350 रनों का दिया लक्ष्य, विराट कोहली ने 52वां शतक लगाकर वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक का बनाया नया विश्व रिकॉर्ड।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत शहद उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में शहद का उत्पादन लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में शहद का निर्यात भी तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हनी मिशन कार्यक्रम के तहत, खादी ग्रामोद्योग ने लोगों के बीच सवा दो लाख से अधिक मधुमक्खी–बक्से भी वितरित किए हैं, जिससे हजारों लोगों को रोजगार के नए अवसर मिले हैं।

प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का भी उल्लेख किया, जहाँ देश के युवा, मंगल ग्रह जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं का यही समर्पण विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

*****************

इधर उपराजधानी दुमका के सिदपहाड़ी बूथ संख्या 76 गांदो मंडल में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित कई सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

*****************

इधर सरायकेला–खरसावां में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। मौके पर जिलाध्यक्ष सिंहदेव ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और स्थानीय कारीगरों तथा उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलता है।

*****************

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, डीएमके नेता तिरूचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना नेता नरेश महास्के सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद श्री रिजिजू ने कहा सरकार ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से दोनों सदनों के सुगम कामकाज में सहयोग की अपील की।

संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर तक चलेगा।

*****************

गिरिडीह जिले में विधानसभा का मैपिंग प्रतिशत कम होने पर चुनाव आयोग गंभीर है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

नगर निकाय चुनाव को लेकर खूंटी में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने सभी वार्डों में सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि जेएलकेएम विकसित, पारदर्शी और भ्रष्टाचार–मुक्त झारखंड का पक्षधर है तथा 19 वार्डों में मतदाताओं को जागरूक कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। वहीं चाईबासा में एनसीपी की प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पवन पांडेय ने घोषणा की कि चाईबासा और चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्रों में पार्टी कोमल निमा सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी और बूथ स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय मुद्दों जैसे नो–एंट्री नियम, औद्योगिक प्रदूषण और युवाओं के रोजगार को लेकर पार्टी जल्द आंदोलन करेगी।

*****************

रामगढ़ में भारत विकास परिषद की ओर से सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर 51 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता, सेवा भावना और बेटी के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं।

*****************

धनबाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुल 22 लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें 14 विद्यार्थी, रैकेट का एक सदस्य, ड्राइवर, टेंट हाउस कर्मचारी और होटल संचालक शामिल हैं। तिसरा थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहन पकड़ने के बाद पुलिस को झरिया के एक लॉज में नकल कराने की तैयारी की जानकारी मिली, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान 272 एडमिट कार्ड, 70 मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, कलाई घड़ियां, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं और सभी आरोपितों से पूछताछ जारी है।

*****************

लोहरदगा ज़िले के कैरो में चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद–बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं और आरोपी के घर से चोरी की दो और बाइक जब्त कीं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

*****************

रांची में खेले जा रहे पहले वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 350 रन का टारगेट दिया है। इस मैच में विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 52वां शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वे अब एक ही फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। साथ ही रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज का बड़ा माइलस्टोन अपने नाम किया। इसके साथ रोहित–विराट की जोड़ी अब भारत की सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली जोड़ी भी बन गई है।

दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका ने समाचार पढ़े जाने तक 13 ओवर में 3 विकेट पर 65 रन बना लिए हैं।

*******समाप्त********